आईआईएम में दो दिनी प्रबंधन उत्सव की शुरुआत, पहले दिन कई प्रतियोगिताएं हुई

एगॉन में केस सुलझाकर विद्यार्थियों ने जीते इनाम

रांची | प्रमुख संवाददाता

आईआईएम रांची में दो दिवसीय प्रबंधन उत्सव एगॉन-5.0 की शुरुआत शनिवार को हुई। विभिन्न गतिविधियों से भरपूर इस उत्सव में विभिन्न बी-स्कूल के छात्र-छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन नैसकॉम की अध्यक्ष देवयानी घोष ने किया।

संस्थान के सूचना भवन परिसर में कई प्रतियोगिताएं एक साथ चल रही थीं। मुख्य आकर्षण आईआईएम के उद्यमी छात्र निकाय, ई-सेल की ओर से आयोजित केस स्टडी प्रतियोगिता थी, जिसमें प्रतियोगियों के लिए 76,000 रुपए तक पुरस्कार राशि थी। जबकि, फाइनांस क्लब की ओर से एक अन्य केस स्टडी प्रतियोगिता प्लूटस में 50,000 रुपए का नकद पुरस्कार था।

शनिवार को आईआईएम में आयोजित प्रतियोगिता में विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया।

क्रैक द केस, सिम्बॉलस, टेरा नुलियस, और मार्केस आदि केस स्टडी पर आधारित अन्य प्रतियोगिताएं थीं। ये सभी मामले वास्तविक जीवन के व्यवसाय संबंधी केस स्टडी पर आधारित थे। इनके माध्यम से छात्रों को नकद पुरस्कार जीतने के अवसर के साथ समाज और पर्यावरण से संबंधित वास्तविक जीवन की चुनौतियों से भी रू-ब-रू कराया गया।

खास बातें

- प्रतियोगिता में देशभर के बी-स्कूलों के प्रतिभागी ले रहे हिस्सा
- वास्तविक जीवन की चुनौतियों से भी रू-ब-रू हुए विद्यार्थी

इन्हें मिला पुरस्कार

क्रैक द केस प्रतियोगिता में आईआईएम रांची की टीम चैलेंजर्स (सोनलशिखा, शुभदीप शॉ और पटेल डिमिलकुमार) और टीम सीआईए (स्वप्निल श्रीवास्तव, संकेत सोमरा और सिद्धार्थ वानखेड़े) विजेता बनी। इन्हें 15000 रुपए का पुरस्कार मिला। सिम्बॉलस प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता क्रमशः आईआईएम रांची और टीम फ्लाइंग क्वार्क्स (सौरव शाह, मनमीत कौर और अंजलि माहेश्वरी) की टीमें रहीं।

कड़ी चुनौती मिली

प्रतियोगिता में केस स्टडीज को इस तरह डिजाइन किया गया था कि इन लक्ष्यों के प्रति प्रतिभागियों की बुद्धि और ज्ञान को बढ़ाकर उन्हें चुनौती दी जा सके। इन प्रतियोगिताओं में आईआईएम रांची के अलावा देशभर के विभिन्न बी-स्कूलों से आए छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

Hindustan_29.09.2019_Pg. 02 (Supl.)